सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 24 नवम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में ''राष्ट्रीय एकता यात्रा'' पर आए केंद्र शासित प्रदेश, लद्दाख क्षेत्र की नुब्रा घाटी के छात्र–छात्राओं ने भेंट की। भारतीय सेना के ''ऑपरेशन सद्भावना'' के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता यात्रा में लद्दाख क्षेत्र की नुब्रा आर्यन घाटी के 4 शिक्षकों के साथ 30 छात्र–छात्राएं शामिल हैं। यह छात्र–छात्राएं लद्दाख क्षेत्र से बाहर निकल कर देहरादून स्थित आईएमए, आरआईएमसी और एफआरआई जैसे विभिन्न संस्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। बच्चों की इस यात्रा का उद्देश्य यहां की संस्कृति, परंपराओं, विकास, तकनीकी और आर्थिक प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करना है। इसके साथ–साथ बच्चों को बाहरी दुनिया से परिचित कराना और उनके व्यक्तित्व का विकास करना है।

1862 लाईट रेजिमेंट की संचालन टीम के लीडर ले0 कर्नल वरूण देवरानी के नेतृत्व में लद्दाख दुर्गम, विरल और सुदुर क्षेत्र के ये छात्र–छात्राएं अपनी पारंपरिक वेश–भूषा में आए। राज्यपाल ने सभी से वार्तालाप की और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे जीवन में हमेशा बड़ा लक्ष्य रखें और फिर सपने को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास करें। राज्यपाल ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। राज्यपाल ने कश्मीर और लद्दाख में सेवाएं देने के दौरान अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक यात्रा उन्हें कई चीजें सीखने को मिलेंगी जो आगे उनके भविष्य में काम आएंगी। राज्यपाल ने छात्रों को उनके करियर और आगे के भविष्य के लिए समृद्ध अवसर प्रदान किए जाने के लिए 1862 लाइट रेजिमेंट के प्रयासों की सराहना की।

..........0...........